<u>शिक्षा मनोविज्ञान का अर्थ एवं परिभाषा(Meaning and definition of Educational psychology)</u>

शिक्षा मनोविज्ञान, मनोविज्ञान की एक महत्वपूर्ण शाखा है। यह दो दो शब्दों से मिलकर बना है शिक्षा और मनोविज्ञान इसका शाब्दिक अर्थ है शिक्षा संबंधी मनोविज्ञान अर्थात यह शिक्षा की प्रक्रिया में मानव व्यवहार का वैज्ञानिक अध्ययन है तथा यह शैक्षिक समस्याओं को हल करने में मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों का प्रयोग करता है।

स्किनर के अनुसार, "शिक्षा मनोविज्ञान मानवीय व्यवहार का शैक्षिक परिस्थितियों में अध्ययन करता है।" Educational Psychology deals with the behaviour of human being in educational situations.

क्रो और क्रो के अनुसार, "शिक्षा मनोविज्ञान व्यक्ति के जन्म से वृद्धावस्था तक सीखने के अनुभवों का वर्णन और व्याख्या करता है। "Educational Psychology describes and explains the learning experiences of an individual from birth to the old age."

स्टीफन के अनुसार, "शिक्षा मनोविज्ञान शैक्षिक विकास का क्रमबद्ध अध्ययन है।" "Educational Psychology is a systematic study of educational growth."

पील के अनुसार, “शिक्षा मनोविज्ञान, व्यवहार का विज्ञान है।"

"Educational psychology is the science of behaviour."